इलाहाबाद विश्वविद्यालय

प्रयागराज -211002, उ0प्र0 (भारत)

UNIVERSITY OF ALLAHABAD

PRAYAGRAJ -211002, U.P. (INDIA)

दिनांक: 04.07.2022

पत्रांक: रा.भा. मंत्रा./अनुपालन/2022/109

कार्यालय ज्ञापन

विषय : राजभाषा अधिनियम/नियम के तहत बनाए गए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के संबंध में।

माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा शिक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्राधीन कार्यालयों का राजभाषायी निरीक्षण अनवरत जारी है। इन निरीक्षणों के दौरान समिति ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त न किए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कई कार्यालयों का निरीक्षण निरस्त/स्थगित किया है तथा मंत्रालय को इस दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

2. शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार के पत्रांक सं. 13035/1(1)/2021-रा.भा.ए. दिनांक 10.06.2022 के अनुपालन के क्रम में निम्नलिखित विषयों पर कार्य करना सुनिश्चित किया गया है।

3. कृपया इस संदर्भ में उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें यदि भविष्य में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण किया जाता है तो उक्त के उलंघन की पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

1. सामान्य आदेश तथा अन्य कागजात अनिवार्य रूप से द्विभाषी रूप में जारी करना।
2. हिंदी में प्राप्त पत्रों आदि के उत्तर हिंदी में देना।
3. 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों की राज्य सरकारों को भेजे जाने वाले पत्र हिंदी में होंगे या उनका हिंदी अनुवाद संलग्न होगा।
4. रजिस्टरों के शीर्षक द्विभाषी रूप में लिखना।
5. लिफाफों पर पते हिंदी में लिखना।
6. फाइल कवरों पर विषय द्विभाषी रूप में लिखना।
7. यूनिकोड समर्थित सॉफ्टवेयर युक्त कंप्यूटरों की खरीद।
8. फार्मों, कोडों, मैनुअल, प्रक्रिया साहित्य और सरकारी राजपत्र की सामग्री का द्विभाषी प्रकाशन।
9. रबड़ की मोहरें, नाम पट्ट, सूचना पट्ट आदि द्विभाषी रूप में बनाना।
10. सेवा पंजिकाओं (Service Books) में प्रविष्टियां हिंदी में करना।
11. विज्ञापनों का द्विभाषी प्रकाशन।
12. वेबसाइट का द्विभाषीकरण।
13. नागरिक चार्टर तथा जन सूचना बोर्ड द्विभाषी रूप में जारी करना।
14. हिंदी पुस्तकों की खरीद।
15. हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी की जिम्मेदारी :- कागजात अनिवार्य रूप से द्विभाषी रूप में जारी करना।
16. द्विभाषिक प्रारूप क्रमश: हिंदी और अंग्रेजी होगा।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय UNIVERSITY OF ALLAHABAD	इलाहाबाद विश्वविद्यालय / UNIVERSITY OF ALLAHABAD

नरेन्द्र कुमार शुक्ल

अध्यक्ष एवं कुलसचिव,
राजभाषा कार्यान्वयन समिति, इ.वि.वि.

आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -:

1. समस्त अधिष्ठाता/निदेशक/विभागाध्यक्ष/समन्वयक/प्रशासनिक प्रमुख
2. आई.सी.टी. सेल- वेबसाइट पर अपलोड हेतु
3. कुलपति के सचिव को कुलपति महोदया को सादर सूचनार्थ

संतोष भदौरिया
04.07.202

संयोजक,
राजभाषा कार्यान्वयन समिति, इ.वि.वि.